Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 05-07-2022 | अंक 275

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सालों से बंद पड़ा है नरसिंघवा का चापाकल, स्वच्छ वा शुद्ध जल के लिए तरस रहे ग्रामीण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



खराब पड़े चापाकल को दिखाते ग्रामीण

बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचूवा पंचायत के सुदूरवर्ती गांव नरसिंघवा में वर्षों से चापाकल खराब पड़ा हुआ है। लेकिन इसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। वहीं आस पास के ग्रामीणों ने बताया की इस चापाकल का निर्माण लगभग दो वर्ष पूर्व कराया गया था कुछ महीना तक चापाकल ठीक ठाक चला उसके बाद खराब हो गया। इस बात की जानकारी पंचायत के सभी जनप्रति. निधियों को है लेकिन आज तक इस खराब पड़े चापाकल बनाने का प्रयास नही किया। साथ ही ग्रामीणों ने कहा की इस चापाकल से कुल बारह घर के लोग लाभान्वित होते थे जिसमे बासुदेव राम, रामजी मुर्मू, छोटका हंसदा, जगदीश हांसदा, महा हांसदा, सुरेंद्र हांसदा, शिबू हांसदा, अनिल हांसदा, मुंशी हांसदा एवं राजकुमार हंसदा शामिल है। वहीं इन सभी लोगो को अब पानी लाने के लिए घर से लगभग दो सौ मीटर दुर कुंआ से लाते है। जिसका पानी पीने लायक नही है। ग्रामीणों ने पंचायत के पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अपील किया की इस खराब पड़े चापाकल को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। जिससे हम सभी को स्वच्छ और शुद्ध पानी मिल सके।

## बरही में तिलेश्वर साहू सेना की बैठक सम्पन्न, पंचायत प्रभारी किया गया नियुक्त

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही पटना रोड में स्थित बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना का बैठक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार ने किया। वहीं बैठक में पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी का संगठन विस्तार एवं मजबूत करने को लेकर चर्चा किया गया। सभी पुराने कार्यकर्ता की वापसी एवं नए लोगो को भी संगठन से जोड़ने पर बल दिया गया। साथ ही प्रत्येक पंचायत में संगठन मजबूत करने के लिए प्रभारी नियुक्त कर जिम्मेवारी सौंपी गई। जिसमे बरही पूर्वी और बेंदगी की जिम्मेवारी छोटन ठाकुर, बरसोत और धनवार विष्णुधारी महतो, बरही पश्चिमी और रसोईया धमना भोली पासवान, कोल्हुआकला और भंडारों मो जमीरुद्दीन, करसो और खोड़ाहार प्रकाश दास, गौरियाकरमा और केदारुत प्रकाश विश्वकर्मा, करियातपुर और दुलमहा चमारी ठाकुर, कोनरा मो यूसुफ, पंचमाधव बबलू साहू, गुड़ियों और डपोक संतोष रजवार, रानीचुवा और मलकोको मनोज पासवान एवं डपोक पंचायत की जिम्मेवारी मेहताब आलम को दी गई है।

## बरही पुलिस ने चोरी की बाइक की बरामद, बाइक छोड़ भागे चोर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पुलिस ने रात्रि गस्ती के दौरान बरही चौक से एक ब्लू रंग की अपाचे बाइक बरामद की है। जानकारी के अनुसार बरही पुलिस ने एक अपाचे बाइक पर तीन लोग को सवार होकर बरही की और जाते हुए देखा । जिन्हे जांच पड़ताल हेतु रुकने का इशारा दिया गया परंतु चोर बाइक को खड़ा कर भागने लगे। इसी बीच बरही पुलिस ने चोरों का पीछा भी किया लेकिन अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल हुए। वहीं चोरी की बाइक को बरही थाना में सुरक्षित रखा गया है। जांच पड़ताल में पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल धनबाद जिला अंतर्गत कतरास थाना से चोरी की गई थी।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

## निः शुल्क कैरियर सेमिनार कल

### इंटरनेशनल मोटीवेशनल स्पीकर व चाणक्य आइएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन सक्सेस गुरू एके मिश्रा अभ्यर्थियों से होंगे रूबरू, देंगे सफलता के टिप्स

### बतौर मुख्य अतिथि एसपी मनोज रतन चोथे होंगे कार्यक्रम में शामिल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




हजारीबाग। चाणक्य आइएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व इंटरनेशनल मोटीवेशनल स्पीकर सक्सेस गुरू एके मिश्रा हजारीबाग टाउन ह०ल में आयोजित निरु शुल्क कैरियर सेमिनार में आज 10 बजे शामिल होकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को सफलता का टिप्स देंगे। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे शामिल होंगे। हजारीबाग के साथ साथ आस-पास के जिलों से आए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। बता दें कि कोरोना के कारण लंबे अंतराल के बाद हो रहे इस सेमिनार में विद्यार्थियों हित को ध्यान में रखते हुए प्रवेश निरु शुल्क रखा गया है ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थी सेमिनार में शामिल होकर अपने उज्जवल भविष्य के सपनों को साकार कर सके। बताते चलें कि यह सेमिनार मैट्रिक, इंटर, स्नातक, इंजिनियरिंग, मेडिकल, यूपीएससी, जेपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। चाणक्य आइएएस एकेडमी रीमा मिश्रा ने हजारीबाग व आस-पास के जिलों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों व उनके अभिभावकों से इस सेमिनार में शामिल होने का आग्रह किया है ताकि यह कैरियर सेमिनार उनके उज्जवल भविष्य के लिए बेहतर साबित हो।

## अमृत महोत्सव देश के प्रति समर्पित रहने की देती है प्रेरणा : राजेंद्र प्रसाद

### धनवार पंचायत भवन में ग्रामीणों की बैठक, अमृत महोत्सव को लेकर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कार्यक्रम को संबोधित करते मुखिया राजेन्द्र प्रसाद

आज़ादी के अमृत महोत्सव को लेकर धनवार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद और संचालन रोजगार सेवक रामेश्वर कुमार ने किया। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा की झारखंड सरकार के आदेशानुसार झारखंड के सभी जिले, प्रखंड एवं पंचायत में आजादी का अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव क्रांतिकारियों, स्वंतत्रता सेनानियों, देशभक्तों की स्वाधीनता का ऐसा अमृत है जो हमे देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। बैठक में पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, बिंदु देवी, रेखा देवी, गुड़िया देवी, कंचन देवी, ललिता देवी, संगीता देवी, निशा देवी, राजो देवी, बेबी देवी, सुनीता देवी, खुशबू कुमारी, मीना देवी, सुनीता देवी, प्रियंका कुमारी, बबीता देवी, गुडिया देवी, गायत्री देवी, जिरवा देवी, देवंती देवी, रेखा देवी, रंजना कुमारी, गौरा देवी, रेखा देवी, बुंदिया देवी, सकुंतला देवी, संगीता देवी, धमनी देवी, रूपमनी देवी, कंचन देवी, पूनिया देवी, बालेश्वर कुमार, प्रकाश साव सहित पंचायत के दर्जनों अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन के चपेट के आने से बाइक सवार घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत पंचमाधव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान शंकर र०य उम्र 55 वर्ष पिता स्व लोचन रॉय पानगढ़ (बर्दवान) बंगाल के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल अपना व्यक्ति स्कूटी से बर्दवान से पटना जा रहे थे। इसी क्रम में पंचमाधव के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायल व्यक्ति को तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## थाना परिसर में बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : थाना परिसर में बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता सीओ शशिकांत सिंकर एवं संचालन थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रुप से बकरीद त्योहार को पुरे क्षेत्र में शांति पूर्वक मनाने को कहा गया । एवं किसी भी तरह का लोग अफवा पर ध्यान नहीं दे।गलत अफवा फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर प्रशासन का नजर बना रहेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, जिप सदस्य सविता सिंह,उपप्रमुख समशेर आलम, सांसद प्रतिनिधि सुवोध चौधरी विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, आलोक सिंह, कुमार अंशु, किरण देवी, अंजना देवी, उर्मिला देवी, पंचायत समिति सदस्य बाबुलाल यादव,उदीत राम, बासुदेव यादव, भुनेश्वर दास, रामजीत रजक,उमेश साव, उमेश ठाकुर, रहमान अंसारी, मुमताज अंसारी,महबूब अंसारी ,कलीम अंसारी, अबास अंसारी एवं काफी संख्या में क्षेत्र के लोगों उपस्थित थे।

## अमृत महोत्सव को ले प्रियंका कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड के झुरझुरी पंचायत भवन सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उप मुखिया प्रियंका कुमारी वा संचालन कर्ता रोजगार सेवक प्रवीण कुमार ने किया। आप सभी जानते है की झारखंड सरकार के आदेशानुसार झारखंड के सभी जिले, प्रखंड एवं सभी पंचायत स्तर पर आजादी का अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए 04 जुलाई से 10 जुलाई 2022 तक मनाया जाएगा। इसी को सफल बनाने के लिए बैठक में झुरझुरी पंचायत के मुखिया, उपमुखिया एवं सभी वार्ड सदस्यो की बैठक बुलाई गई । मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद , उप मुखिया प्रियंका कुमारी, उप मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, रोजगार सेवक प्रवीण कुमार, पंचायत सचिव प्रदीप मेहता,बीएफटी उमेश प्रसाद ,अर्जुन प्रसाद,प्रमोद गुप्ता,मुकेश कुमार, बिनोद प्रसाद,पीताम्बर महतो, जीतू मांझी, शिबू मुंडा,मोतीलाल टुडू,प्रमोद रविदास के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे ।

## जय माँ सरस्वती कोचिंग सेंटर ने मैट्रिक-इंटर के सफल छात्रों को किया सम्मानित

**अप्पेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच प्रखंड के ढाब पंचायत भवन में मंगलवार को जय माँ सरस्वती कोचिंग सेंटर द्वारा पुरुस्कार वितरण सह सम्मान समरोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत के मुखिया बैजू तूरी तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर थाना प्रभारी सुनिल कुमार पासवान मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवीयों द्वारा मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सफलता पाकर कोचिंग और क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले छात्र-छात्रओं को मैडल, बुक, पेन डायरी आदि सामाग्री देकर सम्मा. नित किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया बैजू तूरी ने कहा की पढ़ाई में मेहनत कर छात्र-छात्राएं अपनी मंजिल हासिल कर सकते है। उन्होंने कहा कि ढाब पंचायत के छात्र-छात्राओ में प्रतिभा की कमी नही है। बस उसे निखारने की आवश्यकता है। वहीं थाना प्रभारी ने भी छात्रों के बेहतर प्रदर्शन को सराहा। मौके पर कोि. चंग संचालक रमेश कुमार यादव, श्री राम कुमार, कृ ष्णा कुमार, समाजसेवी विनोद यादव, अशोक यादव, रीतलाल प्रसाद सिंह, संजय यादव, मदन तूरी, पंचायत सेवक किशोर यादव एवं रामू यादव बबलू सिंह, सविता देवी, संगीता कुमारी, लक्ष्मी देवी, मेडी देवी, मुन्नी देवी, सनोज कुमार, अनिल कुमार, वार्ड सदस्य विमली देवी, आशा देवी, शशि मेहता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बीएफटी दिलीप को मिला बेहतर कार्य का पुरस्कार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा रामनवमी और झारखंड त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2022 के बेहतर कार्य के लिए बरकट्ठा प्रखण्ड प्रखंड विकास पदाधिकारी कृति बाला लकड़ा के द्वारा बेहतर कार्य के लिए दिलीप कुमार दास, संतोष शर्मा, गुलजार अली, उमेश प्रसाद, महेंद्र टुडू , त्रिवेणी प्रसाद और अरुण हितैषी को प्रखण्ड कार्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही प्रखंड के तमाम कार्य में बेहतर कार्य किए प्रखंड कर्मी जो उपरोक्त हैं ,उन्हें भी पुरस्कृत करने की योजना है। इसके पूर्व कोविड 19 में भी उत्कृष्ट कार्य के लिए दिलीप कुमार दास को प्रशस्ति पत्र मिला था । मौके पर बीएफटी दिलीप कुमार दास ने कहा इस तरह से एक प्रेरणा ,उत्साह और कार्य करने की क्षमता का संचार होता है उन्होंने बीडीओ बरकट्ठा को धन्यवाद दिया कि उनके निर्देशन में हम सब पूरी क्षमता से कार्य किए है ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बकरीद को लेकर असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते इंस्पेक्टर रामनारायण सिंह

बकरीद को त्योहार आगामी 10 जुलाई को मनाया जाएगा। इसे लेकर समाज में विद्वेष उत्पन्न करने वाले लोगों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है। गैर कानूनी गतिविधि में पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। ये बातें विष्णुगढ़ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने मंगलवार को विष्णुगढ़ थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान कही। कहा कि बकरीद का त्योहार शांति, सौहार्द एवं भाईचारगी के साथ मनाएं। प्रतिबंधित जानवर के मांस के उपयोग पर सख्त मनाही है। ऐसे में किसी तरह की सूचना मिले तो तुरंत सूचित करें। सीओ रामबालक कुमार ने त्योहार के दौरान खाद्य योग्य मांस के अपशिष्ट का उचित निस्तारण करने पर बल दिया। इसके अलावा आपसी गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखने की बात कही। शांति समिति की बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखते हुए पुलिस प्रशासन को अपेक्षित सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, मधुसूदन प्रसाद, गुरु प्रसाद साव, मुखिया हेमंती देवी, निर्मल कुमार, करीम अंसारी, ताज अंसारी, पंसस महताब हुसैन, विशेश्वर स्वर्णकार, अब्बास अंसारी, खलील अंसारी समेत दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भाजपा कार्यसमिति कि बैठक, मोदी के कार्यो का गुणगान, हेमन्त के कार्यो का हुवा निंदा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



भाजपा मंडल का एकदिवसीय कार्यसमिति का बैठक प्रखण्ड स्थित रामपुर में आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष सुरेश साव के अगुवाई व महामंत्री अरविंद सिंह के संचालन में सम्पन्न हुवा। बैठक के दौरान भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान व संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया। बैठक में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चनद्रवंशी बतौर कार्यक्रम प्रभारी के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भाजपाइयों ने पीएम मोदी के 8 वर्षो के कार्यालय की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मोदी के अगुवाई में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वही राज्य के हेमन्त सोरेन के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह उठाया गया और उनके कार्यो की निंदा किया गया। कार्यक्रम का सम्बोधन चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, महामंत्री बालेश्वर साव, जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, सांसद प्रतिनिधि रा. जेन्द्र चनद्रवंशी, सीताराम साव, सुनील सिंह, स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, मुखिया बिरेन्द्र रजक, कोषाध्यक्ष देवल यादव, पूर्व अध्यक्ष गजाधर प्रसाद आदि ने किया। मौके पर मिडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता मंत्री प्रवीण सिंह, पिंटू सोनी, युवा अध्यक्ष रंजन सिंह ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनोद यादव, एससी मोर्चा अध्यक्ष विकास रजक आरएसएस के खण्ड बौधिक प्रमुख अमित कुमार, मुन्ना केशरी सुभाष राणा अनिल सिंह वारिष्ठ नेता द्वारिका साव गिरिजा साव मोहन साव वासुदेव साव प्रमोद कुमार सिंह कैलास पासवान उदय राणा युगल किशोर पाण्डेय विवेक पाण्डेय जितेंन्द्र नाथ साही राजकुमार यादव सुधीर कौशल विमल पाण्डेय इंद्रदेव प्रसाद अजय कु प्रसाद सुनील प्रसाद ज्ञानदीप सिन्हा अभिमन्यु कुमार पाण्डेय रामलखन यादव मो अथहर धीरज प्रसाद संजय यादव ब्राजभूषण गुरु सतेंद्र गुरु छोटेलाल राम कैलास भुंइया प्रमोद प्रजापति समेत सैकड़ों भाजपाई उपस्थित हुए




## महूदी स्कूल में उतीर्ण बच्चो को प्राचार्य ने किया पुरुस्कृत

### बच्चो को प्रोत्साहित करने से बढ़ता है मनोबल : संजय सिन्हा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



प्राथिमक विद्यालय महूदी के बच्चो के मूल्यांकन के बाद ग्रेड कार्ड वितरण किया गया। मूल्यांकन के बाद उतीर्ण बच्चो को प्राचार्य संजय सिन्हा ने मेडल व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरुस्कृत बच्चे पुस्कार पाकर खुशी से झूम उठे। बच्चो को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि वर्ग एक से पांच तक के बच्चे शिक्षा के प्रारंभिक स्तंभ है इनके ज्ञान को जितना बढ़ाया जाएगा आने वाले दिनों में बच्चे अपने प्रदर्शन में बेहतरी करेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि बच्चो को प्रोत्साहित करने से उनका मनोबल बढ़ता है और पढ़ाई के प्रत्ति जिज्ञाषा बढ़ता है। मालूम हो कि संजय सिन्हा एक सफल मोटिवेटर है और हज़ारीबाग़ में शिक्षण संस्थानों में अग्रणी स्थान रखने वाला गुरुकुल कोचिंग संस्थान में शिक्षण का कार्य करते है। इनके मार्गदर्शन में गुरुकुल सफलता की नई नई गाथा लिख रहा है। इस दौरान सहायक शिक्षक के साथ प्रबंधन समिति अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे।




## स्कॉर्पियो ने इनोवा को मारी टक्कर, 9 लोग घायल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा थाना के सामने एक अनियंत्रित स्कार्पियो बीआर03पीए 7812 ने इनोवा कार जेएच05एजी 2144 को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों वाहनों में सवार 9 लोग घायल हो गए आनन फानन में ग्रामीणों ने सभी घायलों को अस्पताल पहुचाया जहाँ सभी का प्राथमिक उपचार कर गम्भीर रूप से घायलों को हजारीबाग मेडिकल क०लेज रेफर कर दिया गया ज्ञात हो उक्त स्क०र्पियो ने बरही में एक बाइक टक्कर मार कर भाग रही थी उक्त टक्कर में बाइक सवार सभी तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए थे । टक्कर मार के भाग रही स्क०र्पियो ने बरकट्ठा थाना के सामने लगे बैरिकेटिंग को देखकर विपरीत सड़क में जाकर इनोवा में टक्कर मार दी। इस घटना में आठ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 53 वर्षीय अशोक कुमार उम्र पिता राघव प्रसाद टाटा नगर निवासी, 66 वर्षीय राघवेंद्र कुमार सिंह उम्र पिता केशव सिंह सरना भोजपुर, 45 वर्षीय नवीन कुमार मेहता पिता शंभू नाथ मेहता शेखपूरा न्विासी, 58 वर्षीय दिनेश प्रसाद सिंह पिता शिवशंकर सिंह सरना सहारनपुर निवासी, 40 वर्षीय शिवानंद सिंह पिता दिनेश भोजपुर निवासी, 40 वर्षीय शिवानंद सिंह पिता दिनेश भोजपुर निवासी, समेत स्क०र्पियो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार से आ रही स्क०र्पियो बरही थाना क्षेत्र अंतगर्त एक बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। जिसके बाद भाग रही स्क०र्पियो की सूचना बरकट्ठा थाना को मिली। पुलिस की बेरिकेटिंग देख स्क०र्पियो ने दूसरी सड़क की और गाड़ी मोड़ दी, इस दौरान कोलकाता से आ रही इनोवा कार बरकट्ठा थाना के समीप दोनों के बीच टक्कर हो गई। कोलकाता से पूजा कर इनोवा कार लौट रही ही रास्ते मे दुर्घटना घट गई ।

दिनांक: 05-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 04

## बिरनी : पेशम से ग्राम यात्रा शुरू। पूरे ग्राम का किया भर्मण

**अपेम लाइव: बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम गांव से ग्राम यात्रा मंगलवार को शुरू किया। जानकारी के मुताबिक बता दे कि।10-11 सितंबर को पलामू के डालटनगंज़ में होने वाले आर आइए के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर देश भर में अभियान की शुरुआत की जा रही है. इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार भोजपुर जिले के अँगियांव विधानसभा के विधायक क०मरेड मनोज मंजिल ने इंकलाबी नौजवान सभा के गाँव यात्रा की शुरुआत देश में बढ़ते नफरती एवं सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ, सम्मानजनक रोजगार के लिए, अग्निपथ भर्ती योजना एवं भाजपा सरकार की बुलडोजर नीति के खिलाफ झारखण्ड के बिरनी पेशम से की जिसकी अगुआई राज्य कमिटी सदस्य विक्रम आनंद र०य ने कीया एवं मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया. पेशम एवं मीणा बाजार में यात्रा के दौरान मुकेश यादव, विजय रजक, करू यादव, सुरेंद्र यादव, प्रसादी मंडल एवं सैकड़ों नौजवानों ने सदस्यता ली. यात्रा में RYA के राज्य अध्यक्ष संदीप जायसवाल, जिला अध्यक्ष सोनू पांडेय, जिला सचिव अशोक मिस्त्री, जिला उपाध्यक्ष सीताराम पासवान, सूर्यदेव तुरी, इरफ़ान अंसारी, इकबाल अंसारी, इम्तियाज अली, रमेश राय, सन्तु चौधरी, भुकारी राय, विष्णुदेव राय, पप्पू यादव समेत राज्य कमिटी तथा जिला कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,बरगंडा में सम्मान समारोह किया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में सम्मान समारोह किया गया।विद्या भारती द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियो. गिता नाथनगर,भागलपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के बच्चों ने दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए।बाल वर्ग में कप्तान बंटी कुमार यादव ने 14 पॉइंट से और बहन माही कुमारी सिंह ने 29 पॉइंट से दलीय भावना से खेलते हुए दूसरे दल को पराजित कर यह सफलता हासिल किया। प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने विजेता दल को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।कहा कि अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में भैया रीवा और बहन वर्ग में खुर्जा,मध्यप्रदेश के लिए अक्टूबर में प्रस्थान करेंगे।जहां स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत प्रतियोगिता में दोनों टीमें भाग लेगी।यह पदक और सम्मान कोच अनिता कुमारी और प्रसून सिंह के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय परिवार एवं प्रबंधन समिति ने विजेता दल के भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## पेशम पंचायत की मुखिया का प्रयास से कार्डधारीयो को मिला लाभ

**अपेम लाइव: बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखण्ड के पेशम पंचायत की मुखिया रागिनी सिन्हा के कार्य से प्रभावित हैं लोग कहते हैं कि अगर मन मे लोगो की सेवा करने की चाह हो तो राह भी आसान हो जाती है मंगलवार को मुखिया रागिनी सिन्हा के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्य सीतल तर्वे समेत कई पंचायत के प्रतिनिधियो ने पंचायत में स्थित जनवितरण दुकान जा कर कार्डधारियों को डीलर से लाभुकों को धोती साड़ी राशन वितरण कराया । वहीं पनवाडीह गांव में आइकोनिक वीक के तहत ग्राम सभा किया ओर लोगो को इस योजना के सम्बंध में जानकारी दिया।साथ ही साथ उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पनवाडीह का निरक्षण किया । ओर ग्रामीण को अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिन्हा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रम तर्वे उप मुखिया धनेश्वर वर्मा वार्ड सदस्य मुकेश वर्मा , फूलमती देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## गिरोडीह यूवा कांग्रेस कमिटी कार्यकारिणी की बैठक नया परिसदन भवन में सम्पन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक नई परिसदन भवन में संपन्न हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अभिजीत राज एवं झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी भूपेश कुमार जी उपस्थित हुए और इस कार्यक्रम में विधानसभा एवं प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार करते हुए सभी को नियुक्ति पत्र दिया गया और साथ ही विधानसभा प्रभार क्षेत्र को बांटा गया जिसमें गिरिडीह विधानसभा में पुरुषोत्तम चौधरी, राजधनवार विधानसभा में मारुति नंदन शास्त्री, जमुआ विधानसभा में शशि शर्मा, डुमरी विधानसभा में यश सिन्हा, गांडेय विधानसभा में बंटी अली, बगोदर विधानसभा में पीयूष यादव प्रभारी और साकिब अहमद सहप्रभारी बनाए गए । प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि केंद्र सरकार ने जिस तरह से अग्नीपथ योजना लाकर युवाओं के साथ विश्वासघात करने का काम किया है यह कहीं से ठीक नहीं है और झारखंड प्रदेश में प्रदेश युवा कांग्रेस मजबूती के साथ छात्रों युवाओं के साथ खड़ी है और बहुत जल्द विधानसभा प्रखंड से लेकर तमाम जिलों में बिजली पानी सड़क के मुद्दे पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे । मौके पर मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के यूवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि आज इस गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के कार्यकारिणी बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर मुबारकबाद दिया । उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही पूरे गिरिडीह जिले में युवा कांग्रेस मजबूती के साथ ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर पूरे जिले में आंदोलन करने की काम करेगी ! मौके पर मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश वर्मा , गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के महासचिव यश सिन्हा, पुरुषोत्तम चौधरी, मारुति नंदन शास्त्री, गिरिडीह विधानसभा अध्यक्ष शहनवाज कुरेशी, डुमरी विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो, राजधनवार विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद राय ,जमुआ विधानसभा अध्यक्ष अहमद रजा नूरी ,बगोदर विधानसभा अध्यक्ष आबिद अंसारी समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे !

## राष्ट्रीय जनता दल गिरिडीह इकाई ने मनाया 26 वां स्थापना दिवस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



राष्ट्रीय जनता दल का 26 वां स्थापना दिवस को आरजेडी गिरिडीह इकाई ने मंगलवार को हुट्टी बाजार रोड स्थित न्यू सर्किट हाउस गिरिडीह में बडे ही धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ समारोह आयोजित कर मनाया गया । समारोह की अध्यक्षता गिरिडीह जिलाध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर एवं संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मो सबदर अली ने किया । बतौर मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश महासचिव गिरेन्द्र प्रसाद यादव उपस्थित थे । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव गिरेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल गरीब गुरबों की पार्टी है । झारखण्ड में होनेवाली आगामी चुनावों में सभी सीटों पर मजबुती के साथ चुनाव लडने की तैयारी में है । इसके लिए पुरे झारखण्ड प्रदेश में जोर –शोर से सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है । जिला अध्यक्ष नाथेशवर ठाकुर ने कहा कि गिरिडीह जिला में राष्ट्रीय जनता दल मजबुत स्थिति में है । सदस्यता अभियान के दौरान पच्चास हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा सभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी ने कमर कस ली है । कोड. रमा लोक सभा और जमुआ , धनवार , गिरिडीह समेत कई विधानसभा में चुनाव लडने की बात सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आश्वासन दिया है । अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा ने राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव जी को तबियत में जल्द सुधार होने की कामना करते हुए कहा कि जमुआ विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है । इसके लिए प्रत्येक गांव –गांव जाकर नये वोटरों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया जा रहा है । महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रुपा देवी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हम महिलाओं को सम्मान देने वाली पार्टी है । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया गया । मौके पर बगोदर प्रखंड अध्यक्ष मो मुस्तकीम अंसारी, धनवार प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर यादव, बेंगाबाद कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश साव , मो इनाम आलम, शत्रुघ्न यादव, रेखा शर्मा, राजु यादव, मो इस्लाम,मो इसराइल , तनवीर , उपाध्यक्ष मो आलम अंसारी , मुंशी ठाकुर, तीतु यादव , समेत कई लोग उपस्थित थे ।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाकपा माले के बिहार विधायक मनोज मंजिलने अंबेडकर चौक पर मीडिया से हुए मुखातिब

**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**




आज इंकलाबी नौजवान सभा गिरिडीह मुख्यालय में देशव्यापी अभियान ( गांव यात्रा) के तहत शहर के अंबेडकर चौक पर इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अगिआँव विधायक मनोज मंजिल अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यापर्ण करके इस यात्रा का शुभारंभ किया उसके बाद प्रेस को संबोधित किए हमारा देश आज़ादी के 75वें साल में प्रवेश कर चुका है और इसी साल देश के नौजवानों के क्रांतिकारी आंदोलन की बुलंद आवाज़ इंक़लाबी नौजवान सभा का 7वां राष्ट्रीय सम्मेलन 10-11 सितंबर को हूल विद्रोह के नायक बिरसा मुंडा, नीलांबर-पीताम्बर, सिद्धो कान्हो की धरती झारखंड में होने जा रहा है। हमारा मुल्क नौजवानों का मुल्क है। यहां आधे से अधिक आवादी (54:) 25 साल से कम उम्र के नौजवानों की है और 62: आवादी 15 से 59 उम्र की है। कोई भी देश अपने नौजवान आवादी को सम्मानजसनक रोजगार देकर ही तरक्की कर सकता है। विकास व विश्वगुरु के शोर के बीच की सच्चाई यह है कि देश में बेरोजगारी व मंहगाई का ये आलम आज़ाद भारत में पहले कभी नहीं हुआ था। 5 ग्राम गांजे की पुड़िया पर दो महीने बहस करने वाली मीडिया के लिए यह कोई सवाल भी नहीं है। सरकार और गोदी मीडिया नौजवानों के बीच नफरत बांटने के कारोबार में मस्त है। अग्निपथ/अग्निवीर भर्ती योजनाश रू 14 जून को मोदी सरकार ने सेना में 4 साल के लिए ठेका पर जवानों की भर्ती योजना का घोषणा कर देश और नौजवानों के साथ बड़ा धोखा किया है। 17.5 से 21 साल के नौजवानों को 4 साल के लिए ठेके पर भर्ती होगी और 4 साल में रिटायरमेंट दे दिया जाएगा। बहाल जवानों के मात्र 25 प्रतिशत को स्थाई नौकरी दी जाएगी। बांकी नौजवान क्या जीवन भर बेरोजगार रहेंगे ? नौजवानों के तीखे विरोध के बाबजूद सरकार इसे वापस लेने को तैयार नहीं है। कृषि कानून की तरह ही सरकार यह कहकर अड़ी हुई है कि नौजवानों को इसके फायदे समझ में नहीं आ रहा है। इंक़लाबी नौजवान सभा इसे वापस लेने के लिए आंदोलन को तेज करेगा। रोजगार के अवसर : केंद की मोदी सरकार ने सत्ता में आने से पहले प्रत्येक साल दो करोड़ नौजवानों को रोजगार देने का वादा किया था। रोजगार देने की बात तो दूर उल्टे 2 करोड़ रोजगार छीन लिया गया। पहले से मौजूद रोजगार के अवसरों को अपने दुलारे पूंजीपतियों के हाथों नीलाम किया जा रहा है। रेलवे जो हर साल 30 से 40 हजार नौजवानों को रोजगार देता था, को बेचा जा रहा है। रेलवे सहित तमाम सरकारी संस्थानों, संस्थाओं व कंपनियों को बेच कर रोजगार के अवसरों को खत्म किया जा रहा है। बीएसएनएल, एमटीएनएल, एलआईसी, कोल इंडिया, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, ओएनजीसी, हेल, भेल, सेल, हाइवे, पाइपलाइन सहित देश के दर्जनों सरकारी संस्थानों को नीलाम किया जा रहा है जो बड़ी संख्या में नौजवानों को रोजगार देता था। प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधलीरू पेपर लीक व आरक्षण में घोटाला इन दिनों प्रतियोगी परीक्षाओं की पहचान बन गई है। शायद ही कोई परीक्षा हो जिसका पेपर लीक ना हुआ हो या उसमें किसी तरह की धांधली ना हुई हो। उत्तरप्रदेश में 69000 शिक्षक बहाली में आरक्षण घोटाला हुआ। इसके खिलाफ करीब एक साल तक चले आंदोलन के वाबजूद भी सरकार ने इसकी जांच नहीं कराई, पश्चिम बंगाल में एसएससी बहाली में बड़े पैमाने पर धांधली हुई। दो साल से अधिक समय से अभ्यर्थियों का आंदोलन चल रहा है लेकिन सरकार की तरफ से इसपर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बिहार में एसएससी, शिक्षक बहाली से लेकर दरोगा तक में धांधली, रा. जस्थान में शिक्षक पात्रता परीक्षा में धांधली, झारखंड के जेपीएससी में धांधली तो वहां की पहचान बन गई है। एक तरफ रोजगार के अवसरों का खत्म होते जाना और दूसरी तरफ जो थोड़े बहुत अवसर बचें हैं उसमें भी बड़े पैमाने पर धांधली नौजवान के भविष्य से खिलवाड़ के अलावे कुछ नहीं है। हमें इसके खिलाफ संगठित होकर प्रभावी आंदोलन खड़ा करना होगा।सामाजिक न्याय का सवालरू लंबे संघर्ष के बाद आरक्षण हासिल किया गया हम जानते हैं कि आरक्षण सरकारी नौकरियों व संस्थानों में मिलता है सरकार सरकारी नौकरियों व संस्थानों को खत्म करने पर आमादा है ऐसे में अघोषित रूप से आरक्षण को खत्म किया जा रहा है। संविधान, लोकतंत्र, आज़ादी व भाईचारे पर हमलेरू मोदी सरकार लगातार लगातार देश के संविधान को ताक पर रख कर विरोध की आवाज़ व आम नागरिकों के अधिकारों को कुचल रही है। लोकतंत्र की संस्थाओं पर कब्जा जमाकर देश पर तानाशाही थोपने की कोशिशें कर रही है। आज़ादी आंदोलन की सबसे बड़ी उपलब्धि भारत के संविधान व आज़ादी के शहीदों/ आंदोलनकारियों ने जो नए समतामूलक, लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी हिंदुस्तान का सपना देखा था उन सपनों की हत्या की जा रही है। सरकार देश के नागरिकों व नौजवानों के जरूरी सवालों पर अमल करने के बजाय नफरत का कारोबार चला कर देश के भाईचारे पर प्रहार कर रही है।

इंक़लाबी नौजवान सभा (आरवाईए) सम्मानजनक रोजगार के लिए चलने वाले नौजवान आंदोलन का हमेशा से नेतृत्व किया है। आरवाईए देशभर में नौजवानों को संगठित कर जुझारू क्रांतिकारी आंदोलन खड़ा करने व भगत सिंह, डॉ. अम्बेडकर, पेरियार, बिरसा मुंडा, नीलांबर-पीताम्बर, सिद्धो-कान्हो, फूले- फ़ातिमा शेख के सपनो का देश बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आइए, ऐसे कठिन दौर में अपने सम्मानजनक रोजगार के अधिकार व अवसर को बचाने की लड़ाई को मजबूत करें। देश के संविधान, आज़ादी, लोकतंत्र भाईचारे पर हो रहे हमले का डटकर मुकाबला करें और हमारे अमर शहीदों ने जिस आज़ाद, लोकतांत्रिक, समतामूलक, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी हिंदुस्तान का सपना देखा था उस हिंदुस्तान को बनाने के लिए क्रांतिकारी आंदोलन का हिस्सा बनें, आरवाईए से जुड़े, आरवाईए का सदस्य बनें। आरवाईए के 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाएं। इस यात्रा में इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य अध्यक्ष क०मरेड संदीप जायसवाल , राज्य उपाध्यक्ष क०मरेड अखिलेश राज, जिला अध्यक्ष कामरेड सोनू पांडे,जिला सचिव अशोक मिस्त्री जिलाो कोषा अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, भाकपा माले के गिरिडीह शहर प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा,सोनू रवानी, आदि लोग शामिल थे।

## रेडक्रॉस भवन में दिव्यांगो का निबंधन शुरू, कैंप में दी जाएगी कृत्रिम अंग

**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ क०मर्स कथा मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित निशुल्क दिव्यांगों को कृत्रिम अंग कैलीपर व्हीलचेयर ट्राई साइकिल आदि वितरण करने के लिए रेड क्र०स भवन में आज निबंधन एवं दिव्यांगों के क्षतिग्रस्त अंगों का नाप का कार्य प्रारंभ हुआ। आज कुल 80 दिव्यांगों ने अपना निबंधन कराया एवं जिन जिन को कृत्रिम अंग लगाया जाना है वैसे लगभग 60 दिव्यांगों के क्षतिग्रस्त पांव एवं हाथ का नाप लिया गया। कुछ दिव्यांग साधन की कमी की वजह से आज नहीं आ सके वैसे दिव्यांग व्यक्ति कल आकर अपना निबंधन एवं क्षतिग्रस्त अंग का नाप देंगे। दिनांक 8 जुलाई 2022 दिन शुक्रवार को सभी दिव्यांगों को उनकी आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग कैलिपर व्हीलचेयर ट्राई साइकिल आदि प्रदान किए जाएंगे। आज के इस कार्यक्रम में चेंबर ऑफ क०मर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला सचिव प्रमोद कुमार प्रेरणा शाखा की अध्यक्षा अर्चना केडिया सचिव रिया शर्मा कोषाध्यक्ष पूनम चिरानिया सुजाता क्याल पिंकी खेतान सरिता मोदी रेखा संथालिया कविता राजगढ़िया स्नेहा केडिया किरण झुनझुनवाला रीमा अग्रवाल मेघा तुलसियान आभा जालान रक्षा खंडेलवाल आदि कई सदस्य उपस्थित रहे।




## किसान एक तरफ के खेती करने की तैयारी कर रही है वही दूसरी और बरसात सत्ता रही है

**अपेम लाइवः बिरनी
सब्बा अहमद**



गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड में इन दिनों में खेती करने की तैयारी कर रहे है। दूसरी और बरसात भी किसानों को सत्ता रही है। बता दे कि इन दिनों बिरनी में गाँव मे धन की बीज लगभग तैयार होने की कागर पर है। कुछ दिनों धान की बीज रोपने के लिए तैयार हो जाएगा। इधर एक तरफ बरसात ने किसानों का बेसब्री से इंतजार है। जैसे ही बरसात शुरुआत होते खेतो में किसानों उतर जाएगा। ताजुब्ब की बात यह है कि धान की बीज पानी के बिना तरस रहे हैं। अगर दोनो दिनों के भीतर अगर बारिश नहीं हुई तो फिर धान की बीज मारने लगयेगा। गौरतलब यह है कि बीते दिनों में पेट्रोल पंप लगाकर धान की बीज को किसानों ने जान बचाया है।

## प्रतापपुर थाना में शांति समिति की बैठक, त्योहारों पर सौहार्द की अपील

### भाईचारगी के साथ बकरीद पर्व मनाने का निर्णय लिया

**अपेम लाइव : प्रतापपुर
कुमार चंदन**




बकरीद पर्व शांति पर्व मनाने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति-समिति का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी एवं पुलिस निरीक्षक प्रमोद पान्डेय ने किया। जबकी संचालन मिस्टर आलम नें किया। बैठक में दोनो सामुदायो से दर्जनो लोग उपस्थित हुए। बैठक में पंचायतवार सभी जनप्रतिनिधियो से जानकारी लिया गया है तथा बकरीद पर्व को शांति-पूर्ण एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया है। बैठक में जुल्फिकार अंसारी ने कहा की बकरीद मुस्लिम धर्म का कुर्बानी के पर्व है इस पर्व को शांति तरीके से मनाए।अगर किसी तरह के विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सूचना तुरंत प्रखंड प्रशासन को सूचना दे।वही पुलिस थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया की बकरीद को शांति से मनाए।पर्व के दौरान किसी दुसरे धर्म को ठेस पहूंचाना वाला कार्य नही करना है असमाजिक तत्व के लोग पर ध्यान दे तथा वैसे लोगो का सूचना प्रशासन को दे।ताकी असमाजिक तत्व के लोगो पर पुलिस कारवाई कर सके।वही अफवाहो से दुर रहने की अपील किया है जनप्रतिनिधि से कहा की अपने स्तर से पंचायत में बैठक कर पर्व को मनाए।बैठक में एसआई जितेन्द्र उरांव,समाजसेवी भोला प्रसाद,सन्मुख यादव,जिप सदस्य प्रतिनिधी संतोष राणा,क०ग्रेस युवा अध्यक्ष मोती पासवान,गौतम कुमार,आजोख,मंडल अध्यक्ष विनोद शौण्डिक,मुखिया अमरेश सिंह, मनिष सिंह,विरेन्द्र यादव,किशोर यादव,पुनम देवी,सुनिता देवी,मजहबी प्रवीन,रामजी पासवान,पिन्टु साव,रवीन्द्र कुमार, सल्लाउद्दीन खान,मुकेश सिंह,रामाशिष भोक्ता,फिरोज आलम, खुर्शिद आलम, नासिर खान,केदार ठाकुर, मंजूर आलम,समिति मनोज यादव,आनंन्दी साव,अलीम अंसारी,जितेन्द्र दास,महेश पासवान समेत दोनो सामुदाय से कई लोग उपस्थित थे।

## कोनार नहर तटबंध की सड़क को दुरूस्त करने की मांग

**अपेम लाइवः विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी**

अलपीटो पंचायत भाग संख्या 14 के पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक ने कोनार नहर के तटबंध वाली सड़क को दुरूस्त कराने की मांग की है। इसे लेकर उन्होंने कोनार नहर सिंचाई प्रमंडल, बगोदर के कार्यपालक अभियंता को आवेदन सौंपा है। कहा है कि ग्राम अलपीटो एनएच 100 से गुजरने वाले नहर जो चौथा, हेठली बोदरा होते हुए मायापुर तक गुजरी है। इस नहर का तटबंध वाली सड़क ग्रामीणों के आवागमन लायक नहीं रह गया है। यह खतरों को न्यौता दे रही है। इसमें कई जगहों पर गड्ढ़े बन गाए है। बारिश के मौसम में आवागमन करने वालों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वहीं, नहर के जीरो प्वाइंट से गुजरने वाली शाखा जो सिमरिया करमाटांड की ओर जाती है। इसे ग्रामीणों के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए बांयी ओर सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। इसके अलावा नहर की सड़क में रेलिंग देकर सुरक्षित करने को भी कहा गया है।



पंसस घनश्याम पाठक

